सकलडीहा पी0जी0 कॉलेज, सकलडीहा–चन्दौली

छात्र शिकायत निवारण प्रकोष्ठ कार्यवृति

2022–23

छात्र शिकायत निवारण प्रकोष्ठ छात्र हिताकांक्षा को ध्यान में रखते हुए महाविद्यालय परिसर में शैक्षणिक गुणवत्ता बनाये रखने के साथ–साथ महाविद्यालय प्रशासन को छात्रों के प्रति जवाबदेही एवं उत्तरदायी बनाने तथा छात्रों की समस्याओं के निवाकरण के लिए वर्ष भर प्रयत्नशील रहा। अपनी बैठकों के माध्यम से निम्न कार्यवृत्ति का आयोजन किया, जिसका विवरण निम्नवत है।

दिनांक– 20.08.2022 की बैठक की कार्यवृत्ति।

1. छात्रा प्रीति कुमार, बी0ए0 तृतीय वर्ष, देवन्ती बी.ए. प्रथम सेमे0, राहुल कुमार बी.ए. द्वितीय सेमे0 द्वारा पाठ्यक्रम के अनुसार पुस्तक सुलभ कराने के सम्बंध में दिये गये आवेदनों पर चर्चा की गई।
2. प्रकोष्ठ ने यह निर्णय लिया की अतिशीघ्र पाठ्यक्रम के अनुसार पुस्तक क्रय करके छात्रों को पुस्तक वितरित किया जाय।
3. प्रकोष्ठ के सामने भारी संख्या में आये अपूर्ण परीक्षा परिणामों पर चर्चा की गयी।
4. बैठक में यह निर्णय लिया गया कि अतिशीघ्र कक्षा पटल सहायक विश्वविद्यालय जा कर छात्रों के अपूर्ण परीक्षा परिणामों का निवाकरण करायें।

दिनांक– 15.12.2022 की बैठक की कार्यवृत्ति।

1. छात्र कुन्दन कुमार सिंह बी0ए0 तृतीय वर्ष, राहुल कुमार राय, तृतीय वर्ष द्वारा चरित्र प्रमाण पत्र तथा स्थानान्तरण प्रमाण पत्र के निर्गत से सम्बंधित दिये गये आवेदनों पर चर्चा किया गया।
2. प्रकोष्ठ ने अपनी बैठक में निर्णय लिया की चरित्र प्रमाण पत्र तथा स्थानान्तरण प्रमाण पत्र के लिये आये आवेदनों का कक्षा पटल सहायक उसी तिथि में रजिस्टर में दर्ज करें।
3. सी.सी. तथा टी.सी. तीन कार्य दिवसों के भीतर छात्रों को निर्गत किया जाय।
4. विशेष आवश्यकता पड़ने पर छात्र द्वारा साक्ष्य प्रस्तुत करने में छात्रों को तत्काल टी. सी. एवं सी.सी. निर्गत किया जाय।

समन्वयक
छात्र शिकायत निवारण प्रकोष्ठ
सकलडीहा पी0जी0 कालेज
सकलडीहा-चन्दौली

दिनांक– 02.02.2023 की बैठक की कार्यवृत्ति।

1. छात्रा रोली पटेल बी0ए0 प्रथम सेमे0, श्वेता पाण्डेय बी0ए0 प्रथम सेमे0 अंकित कुमार, बी0ए0 प्रथम सेमेस्टर द्वारा अधिन्यास जमा करने के सम्बन्ध में दिये गये आवेदनों पर प्रकोष्ठ में चर्चा की गई
2. प्रकोष्ठ द्वारा निर्णय लिया गया कि सभी विषय विभाग प्रभारी एक समय सीमा निश्चित कर अपने निर्देशन में कर्मचारियों के माध्यम से अधिन्यास जमा करने की व्यवस्था करें इस निर्णय से प्राचार्य जी एवं समस्त विषय विभाग प्रभारी को अवगत कराया गया।

दिनांक– 19.09..2023 की बैठक की कार्यवृत्ति।

1. छात्र ऋषि सोनकर बी.ए. चतुर्थ सेमेस्टर, आकाश यादव बी0ए0 तृतीय सेमे0 द्वारा वाहन स्टैण्ड एवं जल जमाव से सम्बन्धित दिये गये आवेदनों पर चर्चा की गई।
2. प्रकोष्ठ की बैठक में यह निर्णय लिया गया कि जल जमाव वाले स्थान पर मिट्टी डालकर एवं नाली बनाकर जल जमाव को समाप्त किया जाय।
3. जिसके लिये कार्यालय अधीक्षक एवं प्राचार्य जी को इस निर्णय से अवगत कराया गया।
4. छात्र नियामत अली बी0ए0 तृतीय सेमे0 द्वारा निर्धन छात्र सहायता प्राप्ति के लिये दिये गये आवेदन पर चर्चा की गई।
5. प्रकोष्ठ ने छात्र नियामत अली के आर्थिक स्थिति को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया की निर्धन छात्र सहायता कोष से इनकी फीस का प्रबन्ध किया जाय।

संयोजक
छात्र शिकायत निवारण प्रकोष्ठ
सकलडीहा पी0जी0 कालेज
सकलडीहा-चन्दौली